

## विधिक साक्षरता शिविर छात्र-छात्राओं को बताया कैसे और कहाँ से प्राप्त करे मुफ्त कानूनी सहायता।'

खंडवा/हरसूद :- स्थानीय अभिनव पब्लिक स्कूल हरसूद में दिनांक 12 अक्टूबर दिन सोमवार को मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खण्डवा श्री संजीव श्रीवास्तव एवं अध्यक्ष तहसील (सिविल) विधिक सेवा समिति हरसूद श्री पुष्पक पाठक के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता शिविर माननीय श्री सत्यम देवलिया जे.एम.सी. मजिस्ट्रेट हरसूद सिविल न्यायालय द्वारा छात्र/छात्राओं को बाल अधिकारों, किशोर न्याय अधिनियम, यातायात सम्बन्धी नियम, साइबर फ्राड, एवं छात्र/छात्राओं को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएँ प्रदान करने एवं उनके संरक्षण के लिए नालसा की विधिक सेवा योजना, बिना डरे अपराधों का सामना करने तथा कैसे और कहाँ से प्राप्त करे मुफ्त कानूनी सहायता आदि के बारे में जागरूक किया । साथ ही बच्चों मुसीबत में होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर कॉल करने के सम्बन्ध में भी अवगत कराया नाम व पहचान को गोपनीय रखा जायेगा , इस पर जोर दिया। कार्यक्रम में श्रीमती उमा केवट, (पी0एल0ए0डी ) , श्रीमती ज्योती धुर्वे उपस्थित रहे। इसी अवसर पर संगीत कक्षा में गायन, तबला वादन में प्रथम आये आकाश प्रजापत, वर्षा राजपूत, सृष्टि शर्मा, वेदांत शुक्ला. आदि छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया। संचालन मनीष अपूर्वा ने किया एवं आभार प्राचार्य नारायण प्रसाद शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## नवरात्रि में महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गावाहिनी का पैदल मार्च, असामाजिक तत्वों को सतर्क रहने का संदेश

खंडवा। नवरात्रि उत्सव एवं गरबा आयोजनों के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खंडवा पुलिस की दुर्गावाहिनी ने 'ऑपरेशन शक्ति स्वरूपा' के तहत पैदल मार्च निकाला। अभियान का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करना और असामाजिक तत्वों को सतर्क रहने का संदेश देना है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि गरबा स्थलों सहित सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और अभद्रता व असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस सतर्क है। अभियान के माध्यम से पुलिस ने महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश दिया।

## समंस-वारंट की समय पर तामिली और साक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें : एसपी अगम जैन



खंडवा। पुलिस नियंत्रण कक्ष में पुलिस अधीक्षक अगम जैन की अध्यक्षता में कोर्ट मोहर्रिरों की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आपराधिक प्रकरणों में त्वरित अभियोजन, न्यायालय से जारी समंस एवं वारंट की समय पर तामिली और साक्षियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराकर समय पर साक्ष्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसपी ने पुलिस और न्यायालय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावी एवं समयबद्ध बनाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान समंस-वारंट रजिस्टरों की जांच की गई। रजिस्टर में सभी प्रविष्टियां पूर्ण रखने और उन्हें अद्यतन बनाए रखने के लिए थाना किल्लोद के प्रधान आरक्षक गोपाल मालाकार, थाना छैगांव माखन की महिला आरक्षक शिवानी राठौर एवं रानू झाड़ा तथा कोर्ट मुंशी महिला आरक्षक तृप्ति राठौर को पुरस्कृत किया गया।

## खंडवा में 35 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मायके पक्ष ने लगाए आरोप

खंडवा। शहर की बाहेती कॉलोनी में 35 वर्षीय पूजा जायसवाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कीटनाशक दवा पीने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद पति उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उनकी मौत हो गई। घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। घटना की जानकारी मिलने पर मृतका के मायके पक्ष के लोग पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचे। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, परिजनों की ओर से लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार, पूजा मूल रूप से रतलाम जिले के आलोट की निवासी थीं। करीब सात वर्ष पहले उनका विवाह खंडवा निवासी आकाश जायसवाल से हुआ था। उनके छह वर्षीय जुड़वां बच्चे हैं। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। फिलहाल महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं है। मामले में किसी पर भी आरोप सिद्ध नहीं हुआ है। पुलिस जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर ही घटना की वास्तविक परिस्थितियां सामने आ सकेंगी।

## जल संरक्षण,नशामुक्ति सहित सामाजिक और राष्ट्रीय विषयों पर छात्राओं ने प्रदर्शित की मौलिक कला



खंडवा ( 12 -10-2026) जल संरक्षण,नशा मुक्ति ,समृद्ध मध्यप्रदेश, विकसित भारत,महिला सशक्तिकरण मध्यप्रदेश की लोक कलाएं भारतीय सेना का योगदान मेरी सेवा मेरा योगदान विषय पर छात्राओं ने कलम और कूची से अपनी रचनाशीलता प्रदर्शित की 7 खंडवा के माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में आयोजित शुभकामना पत्र (ग्रीटिंग कार्ड) निर्माण अभियान में छात्राओं ने रंग बिरंगे आकर्षक चित्र बनाये7 हिन्दी विभागाध्यक्ष और युवा रेडक्रॉस इकाई की सचिव डॉ सीमा मंडलोई ने बताया कि राज्य शासन और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर ये कार्ड बनवाए गए 7 उन्होंने कहा कि छात्राओं की सामान्य जागरूकता और और मौलिक सोच को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से ये प्रतियोगिता आयोजित की। प्राचार्य डॉ विनय जैन के आदेश पर छात्राओं को चित्र निर्माण हेतु काग़ज़ और रंग महाविद्यालय की ओर से प्रदान किए।

### किशोर दा की समाधि पर गायकों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन, शीश नवाकर लिया आशीर्वाद

# 'किशोर कुमार हमारे भगवान हैं, उनके शहर में उनके गीत गाना सौभाग्य है' - सुनील शर्मा

**खण्डवा। किशोर दा की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष किशोर राष्ट्रीय सम्मान पुरस्कार एवं गीतों भरी शाम की प्रस्तुति आयोजित होती है। इस वर्ष दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 13 अक्टूबर को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक किशोर दा की समाधि स्थल पर सुरम्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम नगर निगम प्रशासन और किशोर प्रेरणा मंच के तत्वावधान में आयोजित होगा। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि नगर निगम प्रशासन द्वारा समाधि स्थल एवं स्मारक पर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है आकर्षक लाइटिंग साउंड सिस्टम एवं फूलों से सामाजिक को सजाया गया है, पुलिस स्टेडियम ग्राउंड पर भी आयोजित कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। हरफनमौला गायक एवं अभिनेता किशोर कुमार की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में 12 अक्टूबर को प्रथम दिवस संस्कृति विभाग, जिला प्रशासन एवं किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच के सहयोग से आयोजित होने वाली 'ये शाम मस्तानी' संगीत संध्या में अपनी प्रस्तुति देने इंदौर से पधारे ख्यातिप्राप्त गायक सुनील शर्मा ने खण्डवा पहुंचते ही सर्वप्रथम किशोर दा की समाधि पर पहुंचकर शीश नवाया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।**





किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच के प्रवक्ता सुनील जैन ने व सचिव नारायण बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि सुनील शर्मा के साथ पहली बार उज्जैन से ख्यातिप्राप्त गायिका संध्या ग्रेवाल भी खण्डवा पहुंचीं। कार्यक्रम के राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त संचालक प्रदीप जैन ने दोनों कलाकारों का परिचय कराया। किशोर दा की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात गायक सुनील शर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि 'किशोर कुमार हमारे लिए भगवान हैं। उनके शहर में आकर उनके गीत गाना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। मैं बचपन से ही किशोर कुमार के गीत सुनते हुए बड़ा हुआ हूं। उन्हीं के गीतों और उनकी गायकी से प्रेरित होकर मैंने गायन एवं संगीत के क्षेत्र में कदम रखा। किशोर दा मेरे लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहे हैं।' उन्होंने कहा कि किशोर कुमार जैसे महान कलाकार की जन्मस्थली खण्डवा में उनकी यादों के बीच उनके गीतों को प्रस्तुत करना उनके लिए एक विशेष अनुभूति है। किशोर दा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए उन्होंने समाधि स्थल पर नमन किया। इस अवसर पर उज्जैन से पहली बार खण्डवा आई गायिका संध्या ग्रेवाल ने कहा कि 'मैं काफी समय से खण्डवा आने की इच्छुक थी। आज किशोर दा की नगरी में आने और उनकी समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित करने का अवसर मिला। यहां आकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। यह मेरे लिए भावनात्मक और यादगार अनुभव है।' दोनों गायक कलाकारों ने गीतों के माध्यम से भी दादा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। हाल-चाल की तुझ में लेकर चलो पल-पल दिल के पास जैसी मधुर प्रस्तुतियों से उन्होंने समाधि स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम के पश्चात सभी कलाकारों का स्वागत किया। किशोर दा की समाधि पर कलाकारों द्वारा अर्पित श्रद्धासुमन और उनके प्रति व्यक्त की गई भावनाओं ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि किशोर कुमार केवल एक महान गायक नहीं, बल्कि करोड़ों संगीतप्रेमियों के दिलों में बसने वाली ऐसी शख्सियत हैं, जिनकी आवाज और गीत सदैव अमर रहेंगे।



## जिला बदर होने के बावजूद खंडवा में घूम रहा था नवाब कुरैशी, पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

खंडवा। जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर मोघट रोड थाना पुलिस ने नवाब कुरैशी पिता शकील कुरैशी, निवासी रामेश्वर टेकड़ा, खंडवा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, नवाब कुरैशी को 23 जुलाई 2026 को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर किया गया था। इसके बावजूद जांच के दौरान उसे खंडवा में घूमते पाया गया। पुलिस ने उसके विरुद्ध जिला बदर आदेश के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के विरुद्ध नकबजनी, झगड़ा, मारपीट और आर्म्स एक्ट सहित कुल 12 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। उसके विरुद्ध पूर्व में तीन बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा चुकी है। कार्रवाई में निरीक्षक विकास खिची, निरीक्षक सुभाष नावडे, आरक्षक श्रेयस बच्छाव, फारुख और संजय मोरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## सेवा संकल्प अभियान के तहत जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे बैग और पुस्तकें

खंडवा/पंधाना। सेवा संकल्प अभियान के तहत सांदीपनि विद्यालय पंधाना में जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग एवं पुस्तकों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराकर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में महेंद्र सावनेर एवं जितेंद्र मंडलोई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने की पहल को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी एवं जनपद अध्यक्ष डैगांवमाखन महेंद्र सावनेर, मंडल अध्यक्ष पंधाना फकीरचंद कुशवाहा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र डागोरे, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र मंडलोई, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला मंत्री रोशन गोलकार, राम शुक्ला, राजेंद्र धोपे, प्रतीक जैन एवं लोकेंद्र मोरे उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया। समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र गढ़वाल ने किया तथा आभार विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैलाश पाटीदार ने माना।

### प्रदेश के 375 विद्यार्थियों में खंडवा जिले की छात्राओं को मिला स्थान, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट की ओजस्वी गंगराड़े का भी चयन।

## विज्ञान मंथन यात्रा के लिए रुस्तमपुर स्कूल की छह छात्राओं का चयन

**खंडवा।विज्ञान मंथन यात्रा 2026-27 के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तमपुर की कक्षा नौवीं की छह छात्राओं का चयन हुआ है। इसके साथ ही सेंट जोसेफ कॉन्वेंट की छात्रा ओजस्वी गंगराड़े ने भी इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में स्थान बनाया है। प्रदेशभर से मात्र 375 विद्यार्थियों का चयन होने के कारण जिले के विद्यार्थियों की यह उपलब्धि महत्वपूर्ण मानी जा रही है।**



समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि रुस्तमपुर विद्यालय से चयनित छात्राओं में जैनी पिता प्रेमलाल, नेहा पिता तेजू, निरली पिता मनोज, संजना पिता सदशिव, शायना पिता अजित और वैष्णवी पिता अशोक शामिल हैं। वहीं, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट की छात्रा ओजस्वी गंगराड़े का चयन भी विज्ञान मंथन यात्रा के लिए हुआ है। सुनील जैन ने बताया कि विज्ञान मंथन यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, जिज्ञासा और नवाचार की भावना विकसित करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान की उपलब्धियों, आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक खोजों और अनुसंधान की संभावनाओं से परिचित कराया जाता है। चयनित विद्यार्थियों के लिए 13 से 15 अक्टूबर 2026 तक वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें उन्हें विज्ञान संबंधी गतिविधियों और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन का अवसर मिलेगा।

**विज्ञान शिक्षिका के मार्गदर्शन में मिली सफलता-**इस उपलब्धि में विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका श्रीमती श्रद्धा गुप्ता का विशेष योगदान रहा। वे गतिविधि आधारित शिक्षण, नवाचार और आधुनिक तकनीक के माध्यम से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने के लिए प्रयासरत हैं। उनके मार्गदर्शन से छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। विद्यालय के प्राचार्य राधेश्याम जोशी ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। विद्यालय परिवार ने छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे संस्था और खंडवा जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।


# अखिल भारतीय खो-खो प्रतियोगिता में मालवा प्रांत का शानदार प्रदर्शन, तीन पदक किए अपने नाम



**खंडवा। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 37वीं अखिल भारतीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन श्रीमती ब्रह्मा देवी बालिका सरस्वती विद्या मंदिर, हापुड़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दिनांक 8 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक किया गया।**

प्रतियोगिता में मालवा प्रांत की टीम ने मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और तीन पदक जीतकर मध्य क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया इन भैया बहिनों के सोमवार को नगर आगमन पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कल्याणगंज खंडवा विद्यालय व ग्राम सुगांव जोशी के भैया बहिनों ने भी सहभागिता की है। प्रतियोगिता में मालवा प्रांत की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन, टीम भावना एवं संघर्षशीलता का परिचय दिया। टीम के इस सराहनीय प्रदर्शन में बाल वर्ग बहनों ने रजत पदक, किशोर वर्ग बहनों ने स्वर्ण पदक तथा किशोर वर्ग भैया ने कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस उपलब्धि में विशेष गौरव का विषय यह है कि स्वर्ण पदक विजेता किशोर वर्ग की बहनें आगामी स्कूल नेशनल गेम्स में विद्या भारती का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन तथा संगठन द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर समिति सचिव श्री रविंद्र बंसल जी, कोषाध्यक्ष श्री ओम जी दशोरे, प्रांतीय खेल संयोजक श्री सत्यनारायण लवंशी जी, विभाग समन्वयक श्री मुकेश पाटिल जी, संस्था प्राचार्य श्रीमती शोभा तोमर,दादा दरबार विद्यालय के प्राचार्य श्री वासुदेव जी पंवार,ग्राम भारती जिला प्रमुख श्री एल.एम. सिंह मेवाड़ा,खेल शिक्षक नर्मदा प्रसाद चौहान सहित समिति परिवार के सदस्यों एवं खेल प्रेमियों ने विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। सभी ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया।

## तीन रूपों में दर्शन देती हैं मां बड़ी तुलजा भवानी, नवरात्र में उमड़ रहे श्रद्धालु



खंडवा। नवरात्र के दौरान रामगंज स्थित प्राचीन जूना राम मंदिर में मां बड़ी तुलजा भवानी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर में विराजित माता की प्राचीन प्रतिमा के दर्शन कर भक्त सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। यहां नौ दिनों तक पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ श्री शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु आहुतियां देकर भाग ले रहे हैं। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि खंडवा का धार्मिक इतिहास प्राचीन है। शहर के रामगंज क्षेत्र में स्थित जूना राम मंदिर में मां बड़ी तुलजा भवानी की प्राचीन प्रतिमा विराजित है। मान्यता है कि माता प्रतिदिन तीन रूपों में भक्तों को दर्शन देती हैं। नवरात्र के दौरान मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है।

**एक ही परिसर में अनेक देवी-देवताओं के दर्शन-**सुनील जैन ने बताया कि जूना राम मंदिर में मां बड़ी तुलजा भवानी के साथ भगवान श्रीराम-सीता, राधा-कृष्ण, पंचमुखी भोलेनाथ, हनुमानजी और काल भैरव भी विराजमान हैं। मंदिर की देखरेख और पूजा-अर्चना का दायित्व वर्षों से व्यास परिवार निभा रहा है। मंदिर के पुजारी आदित्य व्यास के अनुसार, 17वीं शताब्दी का यह मंदिर शहर के प्राचीन धार्मिक स्थलों में शामिल है और श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। नवरात्र के नौ दिनों तक यहां श्री शक्ति महायज्ञ किया जाता है। भक्त माता के दर्शन के बाद यज्ञ में आहुति देकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

### निमाड़ के कांग्रेस नेता सुप्रीम कोर्ट तक मार्च में हुए शामिल, रामकृष्ण दोगने, उत्तमपाल सिंह और प्रतिभा रघुवंशी सहित अनेक नेताओं ने उठाई आवाज

# वोट चोरी, एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का दिल्ली मार्च

**खंडवा। वोट चोरी के आरोपों, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर रोक लगाने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार, 12 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित सुप्रीम कोर्ट तक मार्च में निमाड़ क्षेत्र के कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। हरदा विधायक रामकृष्ण दोगने, जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी,नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लू राठौर,एनएसयूआई जिला अध्यक्ष चंदन सिंह राजपूत सहित अनेक कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली पहुंचकर मार्च में भाग लिया।**

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि इस मार्च में शामिल होने के लिए निमाड़ क्षेत्र से कांग्रेसजन रविवार, 11 अक्टूबर को दिल्ली रवाना हुए थे। सभी नेता सोमवार को दिल्ली पहुंचे और निर्धारित कार्यक्रम में शामिल हुए। कांग्रेस की ओर से इस मार्च को लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा से जुड़ा अभियान बताया गया। पार्टी नेताओं ने वोट चोरी के आरोपों की जांच और कार्रवाई, एसआईआर प्रक्रिया पर रोक तथा मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग उठाई। कांग्रेस का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। मार्च के संदर्भ में कांग्रेस ने 11 अक्टूबर को दिल्ली में हुए शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के दौरान युवाओं के साथ कथित मारपीट का मुद्दा भी उठाया। पार्टी नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध दर्ज कराने और अपनी बात रखने का अधिकार सुरक्षित रहना चाहिए। इसी मुद्दे को लेकर 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकालने और मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन सौंपने की घोषणा की गई थी। निमाड़ के कांग्रेस नेताओं की इस कार्यक्रम में भागीदारी को लेकर जिला कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज उठाने का प्रयास बताया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता के वोट की अहमियत सर्वोपरि है और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सवालों का समाधान पारदर्शी तरीके से होना चाहिए।

